'स्कूल ठीक करो' अभियान के समर्थन में उतरा शिक्षक संघ

चंडीगढ़, 3 सितंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने देशभर में चल रहे 'स्कूल ठीक करो' नागरिक अभियान का समर्थन करते हुए सरकार से सरकारी स्कूलों की कमियां दूर करने की मांग की है। संघ के राज्य प्रधान प्रभु सिंह और महासचिव रामपाल शर्मा ने कहा कि स्कूलों की वास्तविक स्थिति सामने लाने वाले पत्रकारों, अभिभावकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों को रोकने के बजाय सरकार को उनके उठाए मुद्दों पर कार्रवाई करनी चाहिए। संघ नेताओं ने कहा कि सरकारी स्कूल जनता के पैसे से संचालित होते हैं, इसलिए जनता को उनकी व्यवस्थाओं की निगरानी का अधिकार है। भवन, पेयजल, शौचालय, सफाई, मिड-डे मील और शिक्षकों की उपलब्धता जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमियों को छिपाने के बजाय दूर किया जाना चाहिए।

■ स्कूलों की कमियां छिपाने के बजाय दूर करे सरकार : अध्यापक संघ

8500 स्कूलों में एक शिक्षक

अध्यापक संघ ने कहा कि प्रदेश के करीब 8500 स्कूल एकल शिक्षक व्यवस्था में चल रहे हैं। एक शिक्षक को कई कक्षाओं को संभालने के साथ गैर-शैक्षणिक कार्य और ऑनलाइन सूचनाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ रही है।

संघ ने शिक्षा मंत्री के 24 अगस्त के उस बयान पर भी आपत्ति जताई, जिसमें बिना अनुमति बाहरी लोगों के स्कूलों में प्रवेश पर रोक की बात कही गई थी। नेताओं ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर पत्रकारों, अभिभावकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को स्कूलों की स्थिति देखने से रोकना उचित नहीं है। संघ ने सरकार से स्कूलों को मर्ज या बंद करने के बजाय उनमें पर्याप्त शिक्षक, सहायक स्टाफ और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

हर घर नल के बाद अब पानी की बर्बादी पर सरकार का शिकंजा

मीटरिंग से खपत पर नजर, अब ट्रीटेड पानी के 100 फीसदी पुनः उपयोग का लक्ष्य

चंडीगढ़, 3 सितंबर (ट्रिन्यू)

हर घर तक नल से जल पहुंचाने के बाद अब हरियाणा सरकार ने पानी की बर्बादी रोकने, भूजल स्तर सुधारने और जल स्रोतों के संरक्षण पर जोर दिया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पानी की खपत की मीटरिंग की जाएगी। 'मीटरिंग-एज-ए-सर्विस' मॉडल के तहत सप्लाई, खपत, लीकेज और पानी के प्रेशर पर नजर रखी जाएगी। सरकार का उद्देश्य जरूरत के मुताबिक पानी के इस्तेमाल को बढ़ावा देना और अनावश्यक खपत रोकना है।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने नयी दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के दो दिवसीय विभागीय सम्मेलन में प्रदेश की जलापूर्ति, संरक्षण और सीवरेज व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब चुनौती केवल पर्याप्त और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की नहीं, बल्कि पानी बचाने, दोबारा इस्तेमाल करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्रोत सुरक्षित रखने की है।

655 एमएलडी पानी का हो रहा पुनः उपयोग

▶ प्रदेश में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित करीब 655 एमएलडी पानी कृषि, बागवानी, उद्योग, निर्माण और थर्मल पावर प्लांटों में इस्तेमाल हो रहा है। सरकार ने मार्च 2031 तक ट्रीटेड पानी के 100 फीसदी पुनः उपयोग का लक्ष्य रखा है। इससे ताजे पानी के स्रोतों पर दबाव कम होगा। डार्क जोन में भूजल संरक्षण के लिए 31 रिचार्ज वेल मंजूर किए गए हैं। इनमें 26 स्थापित हो चुके हैं और 12 ने काम शुरू कर दिया है। इसके अलावा करीब 235 पुराने और अनुपयोगी ट्यूबवेलों को रिचार्ज वेल में बदला जाएगा।

1486 पंचायतें भागीदार

ओडीएफ पॉलिसी-2026 के तहत ग्राम पंचायतों और विलेज वाटर एंड सैनिटेशन कमेटियों को जलापूर्ति योजनाओं के संचालन में भागीदार बनाया जा रहा है। अब तक 1,486 पंचायतें एमओयू कर चुकी हैं। महाग्राम योजना के तहत 10 हजार से अधिक आबादी वाले 132 गांवों में शहरी तर्ज पर जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था विकसित की जा रही है। इनमें 27 गांवों में काम पूरा और 31 में जारी है। दक्षिणी हरियाणा में रैनी वेल और नई जलापूर्ति योजनाओं पर भी काम चल रहा है।

जलभराव पर निगरानी

जलभराव से निपटने के लिए 89 शहरों में ड्रेनों और सीवरेज नेटवर्क की सफाई कराई गई है। डीवाटरिंग पंप व जनरेटर तैयार रखे गए हैं। विभाग के अनुसार इससे कई स्थानों पर पानी निकासी का समय 30 से 40 फीसदी तक घटा है। विभागीय अधिकारियों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर मिलने वाली शिकायतों की एक्शन टेकन रिपोर्ट रोजाना देखी जा रही है। विभाग की टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-180-5678 पर मिलने वाली शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश भी हैं।

समानांतर बिजली वितरण पर सुनवाई पूरी, 15 सितंबर के बाद फैसला संभव

इलेवन पावर ने गुरुग्राम-नूंह में लाइसेंस मांगा, सरकार और कर्मचारी संगठनों ने किया विरोध

चंडीगढ़, 3 सितंबर (ट्रिन्यू)

गुरुग्राम और नूंह में सरकारी बिजली वितरण व्यवस्था के समानांतर निजी कंपनी को लाइसेंस देने के मामले में हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) में बृहस्पतिवार को सुनवाई पूरी हो गई। आयोग ने सभी संबंधित पक्षों को 15 सितंबर तक अपनी लिखित दलीलें और प्रस्तुतियां दाखिल करने का समय दिया है। इसके बाद आयोग मामले में आदेश जारी कर सकता है।

मामला इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दोनों जिलों में बिजली वितरण का लाइसेंस दिए जाने की मांग से जुड़ा है। फिलहाल गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण की जिम्मेदारी दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (एसएचबीवीएन) के पास है। निजी कंपनी इसी सरकारी व्यवस्था के समानांतर वितरण नेटवर्क संचालित करने की अनुमति चाहती है। हरियाणा सरकार इस प्रस्ताव का पहले ही विरोध कर चुकी है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज विधानसभा में स्पष्ट कर चुके हैं कि सरकार समानांतर लाइसेंस देने के पक्ष में नहीं है। सरकार ने एचईआरसी के समक्ष अपनी आपत्तियां दर्ज कराने के साथ जरूरत पड़ने पर अदालत का रुख करने की बात भी कही है।

दूसरी ओर, एचईआरसी की तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति निजी समानांतर बिजली वितरण की अनुमति देने की सिफारिश कर चुकी है। सरकार ने समिति की रिपोर्ट के कई बिंदुओं पर आपत्ति जताई है और रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग भी की है। सुनवाई में इलेवन पावर ने बिजली आपूर्ति और उपभोक्ता सेवाओं में सुधार का तर्क दिया। वहीं कर्मचारी और इंजीनियर संगठन निजी लाइसेंस के विरोध में हैं। उनका कहना है कि इससे सरकारी निगम के राजस्व पर असर पड़ेगा और भविष्य में बिजली वितरण के निजीकरण का रास्ता खुल सकता है।

हरियाणा कांग्रेस में फिर लौट सकता है '4 कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष' का फॉर्मूला!

जाट, ब्राह्मण, एससी और वैश्य-पंजाबी समीकरण साधने की कवायद; छह जिलाध्यक्षों के साथ प्रदेश संगठन में भी बड़े बदलाव की तैयारी

दिनेश भारद्वाज/ट्रिन्यू
चंडीगढ़, 3 सितंबर

हरियाणा कांग्रेस में आने वाले दिनों में संगठन का चेहरा बदल सकता है। संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत छह जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की कवायद के बीच प्रदेश संगठन में भी बड़े फेरबदल की तैयारी शुरू हो गई है। पार्टी एक बार फिर चार कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त करने के पुराने फॉर्मूले पर लौटने पर विचार कर रही है। नयी दिल्ली में इस विकल्प पर सैद्धांतिक सहमति बनने के बाद प्रदेश के दिग्गज नेताओं ने अपने-अपने समर्थकों को संगठन में एडजस्ट कराने के लिए लॉबिंग तेज कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह दक्षिण हरियाणा से आते हैं और यादव (ओबीसी) वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में उनके साथ जाट, ब्राह्मण, अनुसूचित जाति तथा वैश्य-पंजाबी वर्ग से एक-एक कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा है। संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत छह नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है। हिसार में बजरंग दास गर्ग जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे चुके हैं, जबकि सिरसा में भी बदलाव की संभावना है। पंचकूला और फरीदाबाद में शहरी और ग्रामीण संगठन के लिए अलग-अलग जिलाध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा है। नए जिले हांसी में भी जिलाध्यक्ष की नियुक्ति होनी है। चार कार्यकारी प्रदेशाध्यक्षों का फॉर्मूला कांग्रेस पहले भी आजमा चुकी है। कुमारी सैलजा के प्रदेशाध्यक्ष रहते जितेंद्र कुमार भारद्वाज, श्रुति चौधरी, रामकिशन गुर्जर और सुरेश गुप्ता को यह जिम्मेदारी दी गई थी। बाद में सैलजा की जगह राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश संगठन की कमान मिली। रामकिशन गुर्जर कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे चुके हैं, जबकि पूर्व मंत्री किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी भाजपा में जा चुकी हैं। भाजपा के पंजाबी प्रभाव को चुनौती देने के लिए कांग्रेस वैश्य-पंजाबी वर्ग से भी मजबूत चेहरा आगे ला सकती है। पानीपत सिटी से विधानसभा चुनाव लड़ चुके वीरेंद्र सिंह 'बुल्लेशाह' और करनाल से लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल के खिलाफ चुनाव लड़ चुके दिव्यांशु बुद्धिराजा के नाम चर्चा में हैं। वैश्य कोटे से लखन सिंगला, अशोक बवानीवाला, धर्मपाल गुप्ता और रोहित जैन के नाम भी सामने आ रहे हैं।

जाट कोटे में बृजेंद्र सिंह का नाम आगे

जाट चेहरे के तौर पर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है। उन्हें राहुल गांधी के करीबियों में गिना जाता है। उनकी सद्भावना यात्रा को प्रदेश कांग्रेस की ओर से समर्थन नहीं दिए जाने के बावजूद राहुल गांधी के इसमें शामिल होने और यात्रा को पार्टी कार्यक्रम का स्वरूप मिलने के बाद संगठन में बृजेंद्र सिंह की स्थिति मजबूत मानी गई थी। जाट कोटे में जयदीप सिंह धनखड़ और यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू के नाम भी चर्चा में हैं।

▶ *भारद्वाज फिर दावेदार : पूर्व कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज का नाम फिर चर्चा में है। बादली विधायक कुलदीप वत्स भी मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। भिवानी के पूर्व विधायक डॉ. शिवशंकर भारद्वाज, फरीदाबाद एनआईटी विधायक नीरज शर्मा और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नाम भी संभावित चेहरों में शामिल हैं।*

▶ *एससी कोटे में कई चेहरे : अनुसूचित जाति वर्ग से प्रदीप नरवाल, उकलाना विधायक नरेश सेलवाल, पूर्व विधायक अनिल धंतौड़ी, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव जयवीर सिंह वाल्मीकि और इसराना के पूर्व विधायक बलबीर सिंह वाल्मीकि के नाम चर्चा में हैं। अंबाला से सांसद वरुण चौधरी को भी कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने का विकल्प खुला है। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए भी उनका नाम चर्चा में रहा है।*

संगठन महासचिव की कुर्सी पर सबसे ज्यादा खींचतान

प्रदेशाध्यक्ष के बाद संगठन महासचिव के पद को लेकर कांग्रेस के अलग-अलग गुटों में सबसे ज्यादा लॉबिंग चल रही है। खींचतान के कारण अंतिम फैसला कुछ समय के लिए टलने की संभावना है। प्रदेश कोषाध्यक्ष पद के लिए भी नामों पर मंथन चल रहा है। प्रदेश संगठन में बदलाव के साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी हरियाणा के कुछ नए चेहरों को जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। फिलहाल कुमारी सैलजा और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला राष्ट्रीय महासचिव हैं। पूर्व विधायक चिरंजीव राव, विनित पुनिया और चेतन चौहान राष्ट्रीय सचिव हैं। दो-तीन और नेताओं को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने की चर्चा है। प्रस्तावित बदलाव को केवल पदों की नियुक्ति नहीं माना जा रहा। पार्टी के भीतर इसे गुटीय संतुलन के साथ जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। 2029 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की दिशा में यह अहम कदम हो सकता है।

कांग्रेस नेता ने सरकार पर साधा निशाना

कैग रिपोर्ट ने खोली 'ईमानदार शासन' की पोल : राव नरेंद्र

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) : हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने विधानसभा में रखी गई कैग रिपोर्ट को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में कर वसूली, जीएसटी, स्टांप शुल्क, पंजीकरण फीस, उत्पाद शुल्क और परिवहन कर से जुड़े 7,144 मामलों में अनियमितताओं के कारण 999 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का सामने आना सरकार के पारदर्शी शासन के दावों पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार जनता से टैक्स वसूलने में सख्ती कर रही है, वहीं सरकारी तंत्र की लापरवाही से खजाने को नुकसान हो रहा है। कैग के अनुसार विभागों ने 5,769 मामलों में 814 करोड़ रुपये की कम वसूली स्वीकार की है। राव नरेंद्र ने कहा कि कृषि भूमि पर 266 आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक प्लॉटों की रजिस्ट्रियों से करीब 34 करोड़ रुपये के स्टांप शुल्क नुकसान का उल्लेख रिपोर्ट में है। जीएसटी से जुड़े मामलों में भी 389 करोड़ रुपये और इनपुट टैक्स क्रेडिट में 37.69 करोड़ रुपये की अनियमितता सामन आई है। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरणों से जुड़े मामलों में 5.43 करोड़ रुपये के सरकारी धन के संदिग्ध इस्तेमाल पर जवाब मांगा।

7,144 मामलों में अनियमितता से 999 करोड़ के राजस्व नुकसान का दावा

हरियाणा में सफाई कर्मियों को सरकार का अल्टीमेटम

कल तक ड्यूटी आओ, नहीं तो होगी विभागीय कार्रवाई, कर्मचारी बोले- पीछे नहीं हटेंगे

चंडीगढ़, 3 सितंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा में छह अगस्त से सफाई व्यवस्था छोड़कर आंदोलन कर रहे कर्मचारियों को प्रदेश सरकार ने पांच सितंबर तक ड्यूटी पर लौटने का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद गैरहाजिर रहने वाले कर्मचारियों पर कानूनी और विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने सभी नगर निगम आयुक्तों और जिला नगर आयुक्तों को दो दिन के भीतर हड़ताली कर्मचारियों की ड्यूटी पर वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।सरकार ने सफाई कार्य को आवश्यक सेवा बताते हुए हरियाणा आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा), 1974 के प्रावधानों का भी हवाला दिया है। सरकार की इस सख्ती के जवाब में सफाई कर्मचारियों ने पीछे हटने के बजाय आंदोलन का अगला चरण घोषित कर दिया है। शुक्रवार को प्रदेशभर में सामूहिक मुंडन कर विरोध जताया जाएगा और पांच-छह सितंबर को मंत्रियों के कैंप कार्यालयों पर प्रदर्शन होंगे। यानी पांच सितंबर की सरकारी डेडलाइन और उसी दिन से शुरू होने वाला कर्मचारियों का आंदोलन, दोनों आमने-सामने हैं। कर्मचारियों ने ऐलान किया कि 10 से 12 सितंबर तक प्रदेश के सभी जिलों में जन न्याय पंचायतें होंगी। 13 सितंबर को कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय जन न्याय पंचायत आयोजित की जाएगी।

नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने आरोप लगाया कि हड़ताल तोड़ने के लिए कर्मचारियों को कानूनी कार्रवाई के नोटिस भेजे जा रहे हैं।

ताऊ बोल्या संदीप जोशी

राव नरेंद्र ने कैग रिपोर्ट को लेकर भाजपा सरकार पर साधा निशाना

एक जगह फोकस रख तो जा के तीर निशाने पै लागैगा

चालती चाक्की सत्यवीर नाहड़िया

जाट्टी का इक पेड़ हो, जाट्टी इक त्योहार।
जाट्टी नै जाट्टी पुजै, न्यारा इसका सार।
न्यारा इसका सार, पेड़ का मान जरूरी।
बिना पेड़ कै देख, जगत की आन अधूरी।
देदे अपणी ज्यान, भूलकै जै या काट्टी।
बिसनोई वा कौम, बचावै मरकै जाटी।।

मानसून सत्र : 66 विधायकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, 38 ने उठाए जनहित के मुद्दे; 31 तारांकित सवालों के मिले मौखिक जवाब

तीन बैठकों में 17 घंटे 39 मिनट चला मानसून सत्र, 15 विधेयक पारित

चंडीगढ़, 3 सितंबर (ट्रिन्यू)

15वीं हरियाणा विधानसभा का दूसरा मानसून सत्र तीन बैठकों में कुल 17 घंटे 39 मिनट की कार्यवाही के साथ संपन्न हुआ। 27 अगस्त से 1 सितंबर तक चले सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर तीखी बहस हुई। प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्तावों और विधायी कार्यवाही के दौरान कई जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई।

हरविंद्र कल्याण

सत्र में 15 विधेयक और दो सरकारी संकल्प पारित किए गए। सत्र के दौरान 66 विधायकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी मंत्री तीनों बैठकों में मौजूद रहे। एक दिन शून्यकाल हुआ, जिसमें 1 घंटा 57 मिनट तक कार्यवाही चली। इस दौरान 38 विधायकों ने अपने क्षेत्रों और व्यापक जनहित से जुड़े मुद्दे उठाए। इनमें भाजपा के 13, कांग्रेस के 22 और तीन निर्दलीय विधायक शामिल रहे प्रश्नकाल के लिए तीन दिन निर्धारित थे। विधानसभा सचिवालय को 51 सदस्यों की ओर से 266 तारांकित प्रश्नों के नोटिस मिले, जिनमें 167 स्वीकार किए गए। इनमें से 60 प्रश्न सूचीबद्ध हुए और 31 के मौखिक जवाब सदन में दिए गए। सत्र के पहले दिन हंगामे और अन्य परिस्थितियों के कारण प्रश्नकाल में किसी सवाल का मौखिक जवाब नहीं हो सका।

753 दर्शकों ने देखी कार्यवाही, विद्यार्थी और शिक्षक भी पहुंचे

विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए विभिन्न दीर्घाओं में कुल 753 दर्शक पहुंचे। इनमें 11 शिक्षण संस्थानों के 446 विद्यार्थी और शिक्षक शामिल थे। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सदस्यों से संसदीय अनुशासन और सदन की गरिमा बनाए रखने की अपील की। अध्यक्ष ने कहा कि डिजिटल तकनीक का उद्देश्य केवल प्रक्रियाओं को ऑनलाइन करना नहीं, बल्कि व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुगम और जवाबदेह बनाना होना चाहिए। बदलते दौर में संस्थाओं को तकनीकी बदलावों के साथ कदमताल करते हुए कार्यवाही को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में आगे बढ़ना जरूरी है।

93 अतारांकित प्रश्नों के जवाब भेजे

वहीं, 126 अतारांकित प्रश्नों के नोटिस में से 97 स्वीकार हुए और सूचीबद्ध 93 प्रश्नों के जवाब संबंधित सदस्यों को भेजे गए। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के लिए 25 नोटिस मिले, जिनमें छह स्वीकार किए गए। तीनों बैठकों में दो-दो ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर चर्चा हुई। कार्य स्थगन प्रस्ताव के चारों नोटिस निर्धारित शर्तें पूरी नहीं करने के कारण अस्वीकार कर दिए गए।

दो सरकारी संकल्प भी पारित

सत्र के दौरान पेश किए गए सभी 15 विधेयक चर्चा के बाद पारित हो गए। दो सरकारी संकल्प भी पारित हुए। इनमें जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण संशोधन अधिनियम-2024 से संबंधित संकल्प तथा श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व से संबंधित सरकारी संकल्प शामिल हैं। नियम 84 के तहत एक प्रस्ताव और एक गैर-सरकारी प्रस्ताव का नोटिस भी मिला, लेकिन निर्धारित शर्तें पूरी नहीं होने के कारण दोनों स्वीकार नहीं किए गए।

Government of Punjab
Municipal Corporation Ludhiana
NOTICE INVITING e-TENDERS (B&R/Electrical-works)
NIT No. 470/SE(TIC), dated 31.08.2026

The department of Municipal Corporation Ludhiana (B&R) invites online double bids for "Installation of security cameras at various locations of North Constituency Under safe city project" (5th time) as per schedule given below: -

Closing date & time: 11-09-2026 up to 05:00 PM

For details log on to: eproc.punjab.gov.in

Note: Detail of works, other terms & conditions & tender documents any corrigendum/addendum to the tender notice shall be published on above website only.

Sd./-Superintending Engineer (TIC)
MC Ludhiana

No. 14821

PUNJAB POLICE HOUSING CORPORATION LTD.
POLICE COMPLEX, PHASE-VII, SAS NAGAR.
INVITATION OF BID (IFB)
e-TENDER NOTICE NO.17/2026-27 DATED 02.09.2026

Punjab Police Housing Corporation Limited, SAS Nagar invites online bids for Renovation of Room No.305 at Punjab Police Head Quarters Building Sector-, Chandigarh:-

i)	Last Date of Bid Submission	14.09.2026 Time 11:00 Hrs.

For details long onto: eproc.punjab.gov.in

Note: Any Corrigendum(s) to the Tender Notice shall be published on the above website only.

Sd./-
No. 14829 MANAGING DIRECTOR

CSB Bank Trusted Heritage Smart Future
PUBLIC NOTICE ON AUCTION OF PLEDGED GOLD ORNAMENTS

The borrower/s in specific and interested bidders in general, are hereby informed that on account of non-repayment of the Banks due by the borrowers as under despite the payment notice and recall/auction notice issued by the Bank, the gold ornaments pledged with the bank security by the respective borrowers for the loan availed by them will be sold in public auction on "as is where is" and "non-recourse" at branch premises on **01st October 2026 at 10.30 AM.** The auction may be adjourned to any other later date at the discreation of the bank upon publication of the same in the Bank's notice board. The borrowers are hereby further inform that the gold ornaments will be disposed of by public auction/e-auction, if the auction is not successful, and if there is a further balance to be recovered thereafter, legal action will be initiated against the borrower/s for recovery of the balance amounts due to the bank. "In case of deceased borrower, all conditions will be applicable to legal heirs."

S. No.	Auction Center CSB Branch	Account Name	Client ID	No.of Acc.	Bal. Outstanding as on 01-09-2026	Weight (grams)
1	Panchkula	Vikas Dhiman	07894977	004	30,80,471.93	276.88
2	Bhatinda	Munish Singla	05026755	001	3,14,463.03	37.00
3	Gurugram - Railway Road	Prashant Yadav	04971474	001	13,02,981.64	119.82

For more details/account wise information borrowers/interested bidders may contact respective branches and for participating in the auction

Punjab/Haryana | 04.09.2026 **Sd/- Authorized Officer, CSB Bank**

PUNJAB STATE POWER CORPORATION LIMITED
(Regd. Office: PSEB Head Office, The Mall, Patiala)
Corporate Identification No. U40109PB2010SGC033813

PSPCL

Tender Enq. No. 03/St Xen/DS MI T-2026-2027

Hiring of One No. Mohindra Genius/ bolero/Tata207/408 or equivalent in price (Double door) for the office of AEE. DS Sub Division, Sub Urban PSPCL Malout (Rural office) under DS Division PSPCL Malout for one year (The vehicle should not be more than 5 years old).

Last date & time for Sale of Tender Doc :-	17.09.2026, 11:00AM.
Last date & time for receipt of Tenders:-	17.09.2026, 12:00 PM.
Opening of tenders:-	17.09.2026, 2:00 PM
Cost of Tender document:-	Rs.1180/-

Detailed NIT/specification/Terms & conditions may be downloaded from PSPCL website (www.pspcl.in). Corrigendum if any, will not be published in newspaper, as such the website may be visited regular for update.

ADDL. S.E/DS Division,
PSPCL, Malout.

No.14856/PB C-854/26

---

pstcl

PUNJAB STATE TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Regd.Office PSEB Head office, The Mall, Patiala^147001)
Corporate Identity Number U40109PB2010SGC033814 | www.pstcl.org
(Office: Dy.Chief Engineer, P & M, PSTCL, Amritsar)
Tel/Fax No.: 0161-2455610, E-Mail:-se-pm-asr@pstcl.org

PUBLIC NOTICE

Sh. Harjeet Singh, AE (ID No.501200) S/O Sh. Harbhjan Singh, Date of birth: 03.04.1988 working under the office of Dy CE P&M Circle, PSTCL, Ludhiana, is absent from duty from 04.03.2025 to till date. For his continuous absence Dy.CE/ HR & Admin PSTCL. Patiala served a charge Sheet No: 243 dated 04.09.2025 to him. Further, Hon'ble Dir/Admin, PSTCL Patiala have appointed under signed as enquiry officer vide office order no 40 dated 04.02.2026. Undersigned has sent registered letters to his address I.e. Harjeet Singh S/O Harbhajan Singh, VPO Kaleke, Distt. Moga Pin:142038,, First 3 letters returned undelivered and last letter delivered on above address. But Sh. Harjeet Singh did not appear in court of undersigned.

Through this public notice Sh. Harjeet Singh, AE (ID No.501200) S/O Sh. Harbhajan Singh Date of birth 03.04.1986 is hereby given one more/last chance to appear before the court of this office within 07 days from the date of publication of this notice, if he fails to appear within the stipulated period, unilateral action as per rules and regulation of department/Corporation will be taken against him (Sh. Harjeet Singh, AE (ID No:501200) S/O Sh. Harbhajan Singh).

Dy. Chief Engineer, Grid Const.
Circle, PSTCL, Ludhiana.
(Now Dy.CE/P & M, Circle,
PSTCL, Amritsar)

NO. 14854/PSTCL

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)
1st Floor, SCO 33-34-35, Sector 17-A, Chandigarh
(Additional space allotted on 3rd & 4th Floor also)

NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993

RC/666/2023 **INDIAN BANK (ALLAHABAD BANK)** **Exh. No.: 815**
21-08-2026
Versus
SH. RAMESH KUMAR AGGARWAL

To

(CD 1) Sh. Ramesh Kumar Aggarwal, R/o House No. 1257, Sector 8, Chandigarh (Borrower / Guarantor / Mortgagor).

(CD 2) Sh. Munish Aggarwal

Sh. Ramesh Kumar Aggarwal, House No. 1257, Sector 8, Chandigarh.

(CD 3) Smt. Payal Aggarwal W/o Sh. Munish Aggarwal, House No. 1257, Sector 8, Chandigarh.

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of **DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)** who had issued the Recovery Certificate Dated **08.09.2023** in **OA/1137/2020** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 9,10,16,224.81 (Rupees Nine Crore Ten Lakhs Sixteen Thousands Two Hundred Twenty Four and Paise Eighty One only)** along with pendentelite and future interest **@11%** w.e.f. **18.03.2020** till realization and costs of **Rs. 1,50,000/- (Rupees One Lakh Fifty Thousands only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **08.10.2026** at **10:30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

SPECIFICATION OF PROPERTY:-

Immovable Property i.e. Godown constructed on land measuring 7381 Sq. Yards (244 Marla) at Village Pabhat, MC Zirakpur Derabassi, Mohali, have been mortgaged in the account, details as under:- **(a)** Land and Building (0 Kanal 17 Marlas) situated at Moja Pabhat, Hadbast No. 234 Derabassi Mohali in the name of Ramesh Kumar & Munish Sub-Registrar Aggarwal Dera registered Bassi, Vide Vasika No. 675 Dt. 29.04.2009 with Mohali consisting 153/12465 share of total land measuring 69 Kanal 5 Marla comprised in Khasra No. 19//25(8-0), 32//5(8-0), 6/2(3-13), 7/2(4-13),14/1 min (6-4), 15(8-0) **(b)** 16/1 min (1-4), 33//9(8-0), 10(7-18), 11(7-7), 20/2(6-6) kitte 11. Land and Building (0 Kanal 17 Marlas) situated at Moja Pabhat, Hadbast No. 234 Derabassi Mohali in the name of Smt. Bimla Devi & Payal Aggarwal Registered Vide Vasika No. 676 Dt. 29.04.2009 with Sub-Registrar Derabassi, Mohali consisting 153/12465 share of total land measuring 69 Kanal 5 Marla comprised in Khasra No. 19//25(8-0), 32//5(8-0), 6/2(3-13), 7/2(4-13), 14/1 min (6-4), 15(8-0), 16/1 min (1-4), 33//9(8-0), 10(7-18), 11(7-7), 20/2(6-6) kitte 11. **(c)** Land and Building (4 Kanal 8 Marnas) situated at Moja Pabhat Hadbast No. 234 Derabassi Mohali in the name of Ramesh Kumar & Munish Aggarwal Registered Vide Vasika No. 7153 Dt. 04.12.2008 with Sub-Registrar Derabassi, Mohali comprised in 88/21 share of total area 10 Kanal 10 Marla comprised in 75/354 share of Khasra No. 32//2/2(2-19), 3/3(2-19) Rakba 5 Kanal 18 Marla, 7/36 share of Khasra No. 32//3/1(1-16) Rakba 7 Marla, 89/160 share of Khasra No. 323/4/(8-0) Rakba 4 Kanal 9 Marla, 61/160 share of Khasra No. 19//24(8-0) Rakba 28/160 share of Khasra No. 19//23(8-0) Rakba 1 Kanal 8 Marla. **(d)** 3. Land and Building (6 Kanal 2 Marlas) situated at Moja Pabhat Hadbast No. 234 Derabassi Mohali in the name of Bimla Devi & Payal Aggarwal Registered Vide Vasika No. 7152 Dt. 04.12.2008 with Sub-Registrar Derabassi, Mohali comprised in 122/210 share of total area 10 Kanal 10 Marla comprised in 75/354 share of Khasra No. 32//3/2(2-19), 3/3(2-19) Rakba 5 Kanal 18 Marla, 7/36 share of Khasra No. 32//3/1(1-16) Rakba 7 Marla, 89/160 share of Khasra No. 32//4(8-0) Rakba 4 Kanal 9 Marla, 61/160 share of Khasra No. 19//24(8-0) Rakba 3 Kanal 1 Marla, 28/160 share of Khasra No. 19//23(8-0) Rakba 1 Kanal 8 Marla.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this Date: **21.08.2026**.

RECOVERY OFFICER
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)

HORTICULTURE TRAINING INSTITUTE
DEPARTMENT OF HORTICULTURE HARYANA

Letter No.: 1624 **Corrigendum-01** **Dated: 02/09/26**

Subject:-Coorigendum to "Diploma of Horticulture (1Year) at HTI, Uchani karnal.

With reference to the advertisement letter no. 1329 dated 17-08-2026 for admission to "Diploma of Horticulture (1Year)" at Horticulture Training Institute (HTI), Uchani, Karnal the following corrigendum is issued.

The last date for submission of online application on department website **http://kaushal.hortharyana.gov.in** for Diploma of Horticulture (1Year) has been extended upto 09.09.2026

In addition, the 2nd counselling for Diploma of Horticulture (1Year) will be held on 10.09.2026 at HTI, Uchani Karnal.

Principal
Horticulture Training Institute,
Uchani, Karnal,

No.48914/HR

यूको बैंक UCO BANK (A Govt. of India Undertaking) **BRANCH OFFICE: BADDI**

[RULE-8(1)] POSSESSION NOTICE (FOR IMMOVABLE PROPERTY)

Whereas, The undersigned being the Authorized Officer of the **UCO Bank**, Under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act 2002 (54 of 2002) and in exercise of powers conferred under section 13(12) read with rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules 2002, issued a Demand Notice **calling upon the following borrowers to repay the amount mentioned in notice within 60 days from the date of receipt of the said notice.**

The borrower/ Guarantor having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and the public in general that the undersigned has taken **Symbolic Possession** of the property described herein below in exercise of powers conferred on him / her under Sub Section 4 of Section 13 of the said Act read with Rule 8 of the Security Interest Enforcement Rule 2002.

The borrower in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealing with property will be subject to the charge of **UCO BANK**, for the amount mentioned here in below against Account.

Owners/occupiers of the property(ies) are also notified to handover vacant actual physical possession to the undersigned within 30 days to avoid use of force u/s 14 of the act with the assistance of District Magistrate.

The Borrower's attention is invited to provisions of sub section 8 of section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured asset

And in case the borrower(s)/guarantor(s) do not pay back the dues, the property (ies) shall be sold, as prescribed under the act, to recover Bank's dues.

Name of the Borrower's/Guarantor's	Description of Immovable Property	Date of Demand Notice Issued	Date of Possession	Amount of Notice
